समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भादरा के राजकीय Hospital मे dialysis सेवा का शुभारंभ, गंभीर रोगियों को मिलेगी राहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 30 लाख की लागत से शुरू हुई निःशुल्क सुविधा

Publisher

Published on 17 Jul 2025



**हनुमानगढ़/भादरा।**

संवाददाता राजेश
चौधरी, जयपुर,
राजस्थान

राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीरता अब ज़मीनी स्तर पर दिखाई देने लगी है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर भादरा के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में बुधवार को डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के विधायक श्री संजीव बेनीवाल ने इस सेवा का उद्घाटन किया। hospital में दो Dialysis मशीनों की स्थापना की गई है, जिनकी कुल लागत करीब 30 लाख रुपये है।

यह पहली बार है जब भादरा, सादुलपुर, साहवा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में राजकीय अस्पताल में Dialysis की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे उन सैकड़ों मरीजों को राहत मिलेगी, जिन्हें अब तक निजी अस्पतालों में महंगी Dialysis करवानी पड़ती थी।

## हर दिन छह मरीजों को मिलेगी सेवा

नर्सिंग ऑफिसर श्री मुकेश कुमार ने बताया कि hospital में प्रतिदिन छह मरीजों की डायलिसिस की जाएगी। प्रत्येक प्रक्रिया में करीब दो से ढाई घंटे का समय लगेगा। इस सेवा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दो प्रशिक्षित टेक्नीशियन नियुक्त किए गए हैं, और चिकित्सक डॉ. रजनीकांत को Dialysis विभाग का प्रभारी बनाया गया है।

## निःशुल्क सुविधा से आर्थिक राहत

यह सुविधा केंद्र सरकार की **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम** के तहत पूरी तरह निःशुल्क दी जाएगी। भादरा निवासी श्री महेंद्र कुमार, जिनके बेटे विकास को सात वर्षों से Dialysis की ज़रूरत है, ने बताया कि निजी अस्पतालों में उन्हें प्रति Dialysis 2500 से 3000 रुपये तक खर्च करने पड़ते थे। अब उन्हें इस भारी खर्च से मुक्ति मिल गई है।

## सरकारी अस्पताल मे मिलेगी गुणवत्तापूर्ण सेवा

राजकीय चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. संदीप पुनिया ने बताया कि सरकारी अस्पताल में यह सेवा समय पर, सुरक्षित और मुफ्त उपलब्ध होगी, जिससे मरीजों को बड़े स्तर पर राहत मिलेगी।

## उद्घाटन समारोह मे शांमिल रहे जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर भादरा विधायक श्री संजीव बेनीवाल के साथ एसडीएम श्री कल्पित श्योराण, बीसीएमओ डॉ. लक्ष्य चौधरी, पार्षद श्री हरिप्रकाश शर्मा, श्री दयानंद खोखेवाला, अन्य जनप्रतिनिधि और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.